(ख) क्या इस सीमा पर किसी घुसपैठिए को पकड़ा गया है, यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार इस क्षेत्र में आवश्यक सुरक्षा उपाय करेगी, यदि हां, तो कब तक ?

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम० एम० जैकब) : (क) जी नहीं, श्रीमन् । इस क्षेत्र में घुसपैठ को रोकने के लिए सभी संभव उपाय किए जा रहे हैं ।

(ख) 1990 के दौरान 39 घुसपैठिए गिरफ्तार किए गए ।

(ग) सरकार समय-समय पर सीमा चौकी की आवश्यकता की पुनरीक्षा करती है और आवश्यक उपाय करती है ।

Display of the Photograph of Dr. B. R. Ambedker in Government offices

@@@1523-C. SHRI ANAND PRAKASH GAUTAM: Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that there is any ban on the display of the photograph of Bharat Ratna Dr. B. R. Ambedkar in the offices and departments of Government; and

(b) whether any instructions have been issued by Government for the display of his photograph in Government offices to give better recognition to him in the Centenary Celebrations of Dr. Ambedkar, and if not, the reasons therefor?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI M. M. JACOB) : (a) and (b) No instructions/guidelines have been issued regarding display of portraits/photographs of national leaders including the President and the Prime Minister of India The matter has been left to the Heads of Departments to decide whether they should at all exhibit any portraits/photographs in the office premises/rooms and, if so, of which particular leader, ensuring that no controversy arises out of the display of any portrait.

@@@Previously Unstarred Question 1691, transferred from 1st August, 1991.

राजीव गांधी की अन्त्येष्टि के दिन सार्वजनिक अवकाश

@@@@1523घ. **श्री राम नरेश यादव**: क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पिछली सरकार ने 24 मई, 1991 को, अर्थात् जिस दिन भूतपूर्व प्रधान मंत्री श्री राजीव गांधी की अंत्येष्टि क्रिया सम्पन्न की गई थी, दिल्ली स्थित कार्यालयों के लिए सार्वजनिक अवकाश घोषित किया था;

(ख) यदि हां, तो ऐसे विभागों की संख्या क्या है, जो इस आदेश के अंतर्गत आये थे;

(ग) या यह सच है कि उस दिन दिल्ली के अधिकांश बैंक बन्द रहे और जो बैंक खुले हुए थे, वहां भी कोई लेन-देन का काम नहीं हुआ; और

(घ) यदि हां, तो इस अवकाश के बारे में सरकार के बैंक कर्मचारियों को क्या निर्देश है और क्या उस दिन छुट्टी पर रहने वाले बैंक कर्मचारियों के वेतन में कटौती की जाएगी ?

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम० एम० जैकब) : (क) और (ख) 24 मई, 1991 को जिस दिन श्री राजीव गांधी की अंत्येष्टि की गई थी,

@@@@पूर्वत: अतारांकित प्रश्न 1713 1 अगस्त, 1991 से स्थानान्तरित ।